देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 03.05.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दी।
- ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे लाइन परियोजना के लिये भूमि अधिग्रहण और हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने प्रदेश के वन क्षेत्रों में ईको टूरिज्म की और संभावनाएं तलाशने पर जोर दिया।
- राज्य के हिस्सों में आज आंधी–तूफान और गरज के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी।

मंजूरी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार के कार्मिकों, पेंशनरों, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, राजकीय विश्वविद्यालयों और तकनीकी शिक्षण संस्थानों के कर्मचारियों को 7वें वेतनमान के तहत महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी है। अब यह भत्ता 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत कर दिया गया है, जो 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होगा।

मुख्यमंत्री ने चम्पावत तहसील भवन के निर्माण के लिए 13 करोड़ 86 लाख रुपए और अल्मोड़ा जिले के जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र स्थित लमगड़ा तहसील भवन के लिए तीन करोड़ 88 लाख रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की है। साथ ही उधमसिंह नगर में पंतनगर ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के ढांचे के ध्वस्तीकरण, अस्थायी विस्थापन और रनवे विस्तारीकरण कार्यों के लिए 3 करोड़ रुपये और पिथौरागढ़ के कनालीछीना तहसील परिसर में पार्किंग, चारदीवारी और पहुंच मार्ग निर्माण के लिए ढाई करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय स्वीकृति दी है।

रेलवे समीक्षा

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे लाइन परियोजना के लिये भूमि अधिग्रहण और हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। इसके लिये रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वन, राजस्व और रेलवे विभागों की संयुक्त बैठक बुलाने को कहा गया है। सचिवालय में मुरादाबाद और इज्जतनगर मंडल के रेल प्रबंधकों के साथ राज्य में चल रही रेलवे परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने रेल परियोजनाओं की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने हर्रावाला रेलवे स्टेशन को पूर्ण विकसित स्टेशन के रूप में तैयार करने की योजना पर कार्य करने को कहा और इसके लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने योगनगरी ऋषिकेश स्टेशन के आसपास के लिये समेकित विकास योजना बनाने को भी कहा।

वर्ष 2027 में हरिद्वार में प्रस्तावित कुम्भ मेले को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव ने ज्वालापुर स्टेशन के विस्तारीकरण और उन्नयन की योजना जल्द शुरू करने को कहा, ताकि भीड़ प्रबंधन में आसानी हो सके। बैठक में टनकपुर–देहरादून कोच की संख्या बढ़ाने और टनकपुर–दिल्ली के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने को लेकर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार रेलवे परियोजनाओं को हर संभव सहयोग देगी और सभी प्रशासनिक बाधाओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

## भूमि अधिग्रहण

देहरादून जिला प्रशासन ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट विस्तारीकरण परियोजना के लिये महज तीन दिन में 87 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण का लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। ऋषिपर्णा सभागार में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य और राष्ट्रहित से जुड़ी है और अधिकारी इसे युद्धस्तर पर पूरा करें। जिलाधिकारी ने बताया कि विस्तारीकरण के चलते प्रभावित परिवारों का सत्यापन और मुआवजा निर्धारण भी कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि जौलीग्रांट हवाई अड्डे को जल्द से जल्द अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए तैयार करना राज्य और केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र को अधिक सशक्त, प्रभावी और समावेशी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि बार–बार चुनाव होने से विकास कार्यों पर असर पड़ता है, आचार संहिता लागू होने से योजनाएं रुक जाती हैं और अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री, देहरादून स्थित भारतीय सर्वेक्षण विभाग सभागार में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बार–बार चुनावों के चलते संसाधनों का दुरुपयोग होता है और बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों व सुरक्षाबलों को मूल कार्य से हटाकर चुनाव ड्यूटी में लगाया जाता है। इससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित होते हैं।

उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव से वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा, क्योंकि प्रवासी मतदाता एक ही बार में सभी स्तरों के लिए मतदान कर सकेंगे।

ईको टूरिज्म

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने प्रदेश के वन क्षेत्रों में ईको टूरिज्म की और संभावनाएं तलाशने और इसमें स्थानीय समुदाय की सहभागिता को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया है। सचिवालय में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य का अधिकांश भू–भाग वन क्षेत्र है, जो ईको टूरिज्म के लिए अपार संभावनाएं रखता है। उन्होंने फॉरेस्ट वॉकिंग, नेचर ट्रेल जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने और पर्वतारोहण तथा ट्रेकिंग की अनुमतियों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों को एक ही स्थान से सभी अनुमतियां मिल सकें।

उन्होंने कैंपिंग साइट्स बढ़ाने, वार्षिक कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों का संचालन करने और पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए पारिस्थितिकी पर्यटन को प्रोत्साहित करने की बात कही।

मुख्य सचिव ने पर्यटकों की संख्या और राजस्व के लक्ष्यों को बढ़ाने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि वन आधारित सभी गतिविधियों की जानकारी एकीकृत वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए। इससे पर्यटकों को विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की समग्र जानकारी एक ही स्थान पर मिल सकेगी।

मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में आज आंधी–तूफान और गरज के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, आज राज्य के अनेक हिस्सों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, ओलावृष्टि और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

कल भी प्रदेश के अधिकतर जिलों में मौसम खराब बने रहने की संभावना है। चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, अल्मोड़ा, नैनीताल, पिथौरागढ़ और चंपावत में गरज के साथ वर्षा और तेज हवाओं की संभावना है। पांच और छह मई को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में गर्जना और बारिश हो सकती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में आंशिक बादल छाए रहेंगे।

तेज हवाओं, ओलावृष्टि और बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए लोगों को खुले में न जाने, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी गई है। किसानों को फसल कटाई और भंडारण में सावधानी बरतने को कहा गया है। वहीं, स्थानीय प्रशासन को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

वेव्स

मुम्बई में वेव्स शिखर सम्मेलन के पहले दो दिन में वेव्स बाजार में फिल्म, संगीत, एनीमेशन, रेडियो और वीएफएक्स क्षेत्रों में अब तक 254 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने बताया कि सम्मेलन में अभी दो दिन और शेष हैं, इसलिए यह आंकड़ा काफी बढ़ने की उम्मीद है।

कृषि मंडी

उत्तरकाशी जिले की रवाईं घाटी के किसानों को जल्द ही नौगांव में कृषि मंडी की सुविधा मिलने जा रही है। मंडी का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और उम्मीद की जा रही है कि आगामी तीन माह के भीतर इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

उत्तरकाशी के नौगांव, पुरोला, बड़कोट, मोरी जैसे क्षेत्रों में मटर, टमाटर, सेब और लाल धान जैसी नकदी फसलों का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है। अब तक इन उत्पादों को देहरादून, सहारनपुर और दिल्ली की मंडियों तक ले जाना किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा था। लंबे समय से स्थानीय किसान क्षेत्र में कृषि मंडी की मांग कर रहे थे।

किसानों की इस वर्षों पुरानी मांग को देखते हुए वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नौगांव कृषि मंडी का शिलान्यास किया था। अब इसके लगभग पूरा हो जाने से अनुमान है कि आगामी तीन से चार माह में यमुना घाटी के किसानों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिये खोल दिये गये हैं। इस ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र की सुर्खी है– वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुले बाबा केदार के कपाट, तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट भी खुले। समाचार पत्र के अनुसार केदारनाथ धाम में कपाट खुलने के अवसर पर बीस हजार से अधिक श्रद्धालु मौजूद रहे।

पाकिसस्तान से तनाव के बीच गंगा एक्सप्रेस वे पर गरजे वायुसेना के लड़ाकू विमान। दैनिक जागरण समाचार पत्र लिखता है– किसी एक्सप्रेस वे पर पहली बार नाइट लैंडिंग से रचा कीर्तिमान, दुनिया ने देखा भारतीय वायुसेना का शौर्य, राफेल, हेलीकॉप्टर से उतरे कमांडो।

पॉक्सो पीड़ितों को मिलेंगे सहायक, हर जिले में बनेगा पैन। इस शीर्षक के साथ अमर उजाला समाचार पत्र लिखता है– सहायक, पीड़ितों का अस्पताल, पुलिस और अदालत में आखिर तक देंगे साथ।